प्रेसनोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 13.09.2023 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी-

लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है दिनांक 10.09.2023 को वादी निवासी थाना मैनाठेर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिनी की पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-270/2023 धारा-363 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त लड़की को सकुशल बरामद करते हुए आज दिनांक 13.09.2023 को उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त अजय उर्फ अरूण पुत्र देवेन्द्र निवासी अख्तियारपुर थाना हयातनगर,सम्भल को गिरफ्तार किया गया तथा बयान/साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-354 भादवि व 7/8 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी।